संदेश

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

ज्ञान, विवेक और समृद्धि के प्रतीक भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला गणेश चतुर्थी का यह पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास का त्योहार है। यह पर्व समाज में सबको साथ लेकर चलने का संदेश देता है। यह त्योहार हमें जीवन में विनम्र रहने और समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

मेरी कामना है कि भगवान श्री गणेश हमारे रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करें ताकि हम एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में भरपूर योगदान देने के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहें।

****